19. **चिकित्सीय परीक्षण :** यदि चिकित्सीय परीक्षण आयोजित किया जाना हो, तो इसकी अनुशंसा की जाती है कि इसे चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद आयोजित किया जाए। साथ ही, चिकित्सीय परीक्षण का परिणाम (चिकित्सकीय रूप से योग्य अथवा अयोग्य) प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट (टी एंडपी) अनुभाग को अविलंब सूचित किया जाए। इससे संस्थान उन विद्यार्थियों को, जिन्हें चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित किया गया है, समय पर सूचित कर सकेगा, ताकि वे अन्य कैंपस प्लेसमेंट साक्षात्कारों में भाग लेने का अवसर प्राप्त कर सकें।

20. चयनित विद्यार्थियों के लिए आयोजित किए जाने वाले किसी भी प्रकार के पूर्व-नियोजन कार्यक्रम अथवा प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट (टी एंड पी) अनुभाग को पहले से उपलब्ध कराना आवश्यक है। विद्यार्थी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में केवल अपने शैक्षणिक कार्यक्रम एवं समय-सारिणी के अनुसार ही भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण का समय शैक्षणिक गतिविधियों के साथ टकराना (Overlap) नहीं चाहिए। विद्यार्थी अपनी सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्ण करने तथा संस्थान से संबंधित निर्गमन औपचारिकताएँ पूरी करने के पश्चात ही कंपनी में शामिल हो सकते हैं।

21. **ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप :** वर्ष **2027 में स्नातक (Passout) होने वाले बैच** के बी.टेक. विद्यार्थी, जिन्होंने अपना **तृतीय वर्ष पूर्ण कर लिया है**, वे **8 सप्ताह की भुगतानयुक्त ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप** कर सकते हैं (संभावित अवधि: **मध्य मई से मध्य जुलाई तक)**। इंटर्नशिप की समय-सीमा का कड़ाई से **शैक्षणिक समय-सारिणी** के अनुसार पालन किया जाएगा। संस्थान **एक विद्यार्थी – एक इंटर्नशिप** नीति का पालन करता है, चाहे इंटर्नशिप में दिया जाने वाला स्टाइपेंड कितना भी हो। उद्योग इंटर्नशिप हेतु संस्थान से अनुपस्थित रहना अनुमत नहीं है।

22. **सेमेस्टर इंटर्नशिप :** बी.टेक. विद्यार्थियों को अपने **पाठ्यक्रम क्रेडिट** पूर्ण होने के आधार पर सेमेस्टर इंटर्नशिप करने की अनुमति दी जाती है। सेमेस्टर इंटर्नशिप की समय-सीमा निम्नानुसार है:

a. 7 वां सेमेस्टर इंटर्नशिप: जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक। 8वां सेमेस्टर इंटर्नशिप : जनवरी 2026 से मई 2026 तक। संस्थान की पूर्व अनुमति से इसे जून 2026 तक बढ़ाया जा सकता है।

23. सेमेस्टर इंटर्नशिप प्रदान करने वाली कंपनियों से अनुरोध किया जाता है कि वे विद्यार्थियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करें तथा इंटर्नशिप प्रारंभ होने के **तीन माह के भीतर प्री-प्लेसमेंट ऑफर** प्रदान करने पर विचार करें।

24. एम.टेक. विद्यार्थियों के लिए 6 माह से 11 माह अवधि की औद्योगिक इंटर्नशिप (Industry Internship) करने का प्रावधान है। यह इंटर्नशिप संस्थान की एम.टेक. इंटर्नशिप नीति (M.Tech Internship Policy) के अनुसार संचालित होती है।

25. **समय-सीमा**

i. बैच 2027 के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप अवधि : संभावित रूप से मध्य मई 2026 से मध्य जुलाई 2026 तक (8–10 सप्ताह)।

ii. बैच 2026 के लिए सेमेस्टर इंटर्नशिप :

a. 7 वां सेमेस्टर इंटर्नशिप: जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक।

b. 8 वां सेमेस्टर इंटर्नशिप : जनवरी 2026 से मई 2026 तक। संस्थान की पूर्व अनुमति से इसे जून 2026 तक बढ़ाया जा सकता है।

c. पीजी विद्यार्थियों के लिए सेमेस्टर इंटर्नशिप: जुलाई 2025 से दिसंबर 2025 तक अथवा जनवरी 2026 से मई 2026 तक। संस्थान की पूर्व अनुमति से इसे जून 2026 तक बढ़ाया जा सकता है।

iii. पीजी विद्यार्थियों के लिए 11 माह की इंटर्नशिप (11-Month Internship) : जून 2025 से अप्रैल 2026 तक।

iv. बैच 2026 के लिए पूर्णकालिक रोजगार हेतु प्रस्तावित जॉइनिंग तिथि : संभावित रूप से जुलाई 2026 के प्रथम सप्ताह में।

v. परिणाम घोषणा की संभावित तिथियाँ : **यूजी (UG):** मई 2026 का अंतिम सप्ताह। **पीजी (PG):** जून 2026 का मध्य।

26. **आवास एवं परिवहन सुविधा :** संस्थान के गेस्ट हाउस में कमरों की उपलब्धता के आधार पर कंपनी के अधिकारियों के लिए आवास की व्यवस्था की जा सकती है। अनुरोध किए जाने पर नागपुर हवाई अड्डे से वीएनआईटी तक आने-जाने की सुविधा कंपनी के अधिकारियों के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है।

27. नौकरी प्रस्ताव वापस लेने की स्थिति:यदि कोई कंपनी दिए गए नौकरी प्रस्ताव को वापस लेती है, तो उसे सभी चयनित अभ्यर्थियों को उचित मुआवजा प्रदान करना होगा अथवा ऐसे अभ्यर्थियों को समान या अधिक वेतन पैकेज वाली अन्य कंपनी में नियुक्ति प्राप्त करने में सहायता करनी होगी। यह प्रक्रिया 3 माह के भीतर पूरी की जानी अपेक्षित है। ऐसा न करने की स्थिति में संबंधित कंपनी को कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

28. **जॉइनिंग में विलंब** : यदि कोई कंपनी पूर्व निर्धारित जॉइनिंग तिथि (Date of Joining) से तीन माह से अधिक समय तक जॉइनिंग में विलंब करती है अथवा 31 अक्टूबर 2026 तक चयनित अभ्यर्थियों को जॉइन नहीं कराती है, तो उसे सभी नियुक्त अभ्यर्थियों को वेतन हानि के अनुपात में उचित मुआवजा प्रदान करना होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी द्वारा विद्यार्थियों को दिए गए नौकरी प्रस्तावों का सम्मान किया जाए।

29. **रोजगार बंधन** : यदि कोई कंपनी रोजगार बंधन लागू करती है, तो उसे चयन प्रक्रिया प्रारंभ होने से पूर्व बंधन से संबंधित सभी विवरण, जैसे बंधन की अवधि, बंधन राशि आदि उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। यदि कंपनी प्रारंभ में बंधन संबंधी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराती है, तो यह माना जाएगा कि कंपनी की कोई बंधन नीति नहीं है। यदि चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कंपनी द्वारा बंधन नीति लागू की जाती है अथवा इसकी जानकारी दी जाती है, तो इसे नौकरी प्रस्ताव वापस लेना माना जाएगा। ऐसी स्थिति में प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट (टी एंड पी) अनुभाग चयनित विद्यार्थियों के लिए कंपनी में शामिल होना अनिवार्य नहीं करेगा। इस स्थिति में बिंदु संख्या 27 के प्रावधान लागू होंगे।

30. **चयनित विद्यार्थी का कंपनी में शामिल होना** : किसी भी कंपनी में चयनित विद्यार्थी के लिए उस कंपनी में शामिल होना अनिवार्य होगा। यदि कोई विद्यार्थी चयनित होने के पश्चात कंपनी में शामिल होने के लिए इच्छुक नहीं है और अन्य करियर विकल्पों (जैसे उच्च शिक्षा, ऑफ-कैंपस नौकरी, स्टार्टअप, अन्य व्यवसाय आदि) को अपनाने के लिए कंपनी में जॉइन नहीं करता है, तो ऐसे विद्यार्थी के विरुद्ध परिस्थितियों के अनुरूप कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यह प्लेसमेंट नीति सक्षम प्राधिकारी की विधिवत स्वीकृति के उपरांत, आवश्यकता पड़ने पर समय-समय पर संशोधित की जा सकती है। सभी मामलों में माननीय निदेशक, वीएनआईटी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

5.2.5 प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट की गतिविधियाँ (Activities of Training and Placement)

- प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट (टी एंड पी) अनुभाग में पंजीकृत अंतिम एवं पूर्व-अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का डेटाबेस बनाए रखना।
- पंजीकृत विद्यार्थियों को प्लेसमेंट हेतु अभिमुखीकरण (Orientation) प्रदान करना।
- विद्यार्थियों के प्लेसमेंट, इंटर्नशिप एवं अवकाशकालीन प्रशिक्षण (Vacation Training) के लिए उद्योगों के साथ समन्वय एवं संपर्क स्थापित करना।
- कैंपस साक्षात्कार (Campus Interviews) के लिए कंपनियों को आमंत्रित करना, समय-सारिणी तैयार करना, आयोजन एवं समन्वय करना।
- विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप अवसरों का पता लगाने एवं विकसित करने हेतु अनुशंसा पत्र (Letter of Recommendation) के माध्यम से कंपनियों एवं संगठनों को आमंत्रित करना तथा उनसे संपर्क स्थापित करना।
- प्लेसमेंट को बेहतर बनाने, विद्यार्थियों की तैयारी एवं उद्योगों से जुड़ाव (Industry Connect) को बढ़ाने के लिए पूर्व छात्रों (Alumni) के साथ समन्वय करना।
- प्लेसमेंट प्रक्रिया के स्वचालन सॉफ्टवेयर (Automation Software) का रखरखाव करना।
- **NBA, NIRF एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग** के उद्देश्यों हेतु संस्थान एवं विभिन्न विभागों को प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट संबंधी डेटा उपलब्ध कराना।

क्र. सं	गतिविधि	दिनांक	प्रतिभागियों की संख्या / उद्देश्य
1	"यंत्र इंडिया लिमिटेड एवं VNIT" के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर	2 अप्रैल 2025	विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने हेतु।
2	टी एंड पी छात्र समन्वयकों का विदाई समारोह एवं बैच 2025 उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए प्रमाण-पत्र वितरण	9 मई 2025	60
3	"नौकरी या उच्च शिक्षा: दुविधा को समझना " विषय पर डॉ. अनीमेष चटर्जी द्वारा अतिथि व्याख्यान	9 मई 2025	40
4	"जीवन के उद्देश्य की खोज एवं स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण (Finding the Purpose of Life and Setting Clear Goals)" विषय पर डॉ. नीरपाल राठी द्वारा अतिथि व्याख्यान	30 अक्टूबर 2025	26
5	मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत में विशिष्ट अधिगम अक्षमता) पर क्षमता निर्माण कार्यशाला (चक्र-4) में प्रत्यक्ष सहभागिता	17 अक्टूबर 2025	राहुल अडे द्वारा सहभागिता
6	औद्योगिक मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों का हाई राइज ट्रांसफॉर्मर्स हेतु औद्योगिक भ्रमण	मार्च 2026	विद्यार्थियों को मुख्य उद्योगों से संबंधित कौशलयुक्त ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना।
7	अडानी सीमेंट फ्यूचरएक्स के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर	जनवरी 2026	विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने हेतु।

5.2.6 रोजगार योग्यता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

21 जुलाई – 26 जुलाई 2025

आयोजक: प्रशिक्षण एवं प्रस्थापन अनुभाग

रोजगार योग्यता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी), नागपुर में 21 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक अंतिम वर्ष के स्नातक (UG), स्नातकोत्तर (PG) एवं पीएच.डी. विद्यार्थियों के लिए किया गया। इस पहल का आयोजन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अनुभाग द्वारा करियर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल, शारीरिक फिटनेस तथा स्वास्थ्य जागरूकता का विकास कर उन्हें परिसर (कैंपस) प्लेसमेंट के लिए अधिक सक्षम एवं तैयार बनाना था।

कार्यक्रम का स्वरूप पूर्व अनुभवों तथा उद्योग जगत के भर्तीकर्ताओं से प्राप्त फीडबैक के आधार पर तैयार किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों की समग्र तैयारी पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के घटक

सॉफ्ट स्किल्स एवं कॉर्पोरेट संचार प्रशिक्षण

सॉफ्ट स्किल्स एवं कॉर्पोरेट संचार प्रशिक्षण सत्रों का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रभावी अभिव्यक्ति **तथा** व्यावसायिक व्यक्तित्व का विकास करना था, जो प्लेसमेंट साक्षात्कारों एवं पेशेवर कार्यस्थलों में सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण गुण हैं।

ये सत्र अत्यधिक सहभागितापूर्ण एवं व्यावहारिक थे तथा इनमें निम्नलिखित विषयों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया:

- प्रभावी मौखिक एवं अमौखिक संचार कौशल
- समूह चर्चा (Group Discussion)
- मॉक साक्षात्कार (Mock Interview)
- प्रस्तुतीकरण कौशल (Presentation Skills)
- टीम निर्माण एवं नेतृत्व की मूलभूत अवधारणाएँ

प्रशिक्षक एवं मुख्य प्रशिक्षक गण

- डॉ. सतीश श्रीवास्तव
- डॉ. प्रज्ञा माथुर
- सुश्री ईशा अरोड़ा
- श्री अनुप दुबे

अतिथि वक्तागण

- डॉ. प्राजक्ता धोटे
- श्री प्रदीप शुक्ला
- डॉ. निखिल पोलके (मानव संसाधन विशेषज्ञ)
- सुश्री क्षिप्रा

अतिम वर्ष के 450 से अधिक विद्यार्थियों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण का आयोजन विभिन्न बैचों में किया गया। प्रत्येक विद्यार्थी को पाँच दिनों में प्रतिदिन लगभग 4 घंटे की सहभागिता के साथ कुल 20 से अधिक घंटे का केंद्रित प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विद्यार्थियों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार, ये सत्र अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहे तथा उन्होंने प्लेसमेंट प्रक्रियाओं के लिए उनकी तैयारी, आत्मविश्वास एवं दक्षता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

B. स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य परीक्षण का समन्वय वीएनआईटी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा किया गया । यह शारीरिक दक्षता परीक्षण (Physical Efficiency Test - PET) में सम्मिलित होने के लिए अनिवार्य पूर्व-आवश्यकता (Prerequisite) था। इसके अंतर्गत निम्नलिखित परीक्षण किए गए:

- पूर्ण रक्त गणना (Complete Blood Count – CBC)
- नाड़ी (Pulse) एवं रक्तचाप (Blood Pressure) की जाँच
- ईसीजी (ECG) (आवश्यकतानुसार)
- रंग दृष्टि परीक्षण (Colour Blindness Test)

स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पूरे सप्ताह बैचवार किया गया । इस गतिविधि का सफलतापूर्वक संचालन **डॉ**. पंकज धुले (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी) एवं डॉ. रितेश मोटघरे (चिकित्सा अधिकारी) के मार्गदर्शन में, स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालयीन कर्मचारियों के सहयोग से सुचारु रूप से संपन्न हुआ।

स्वास्थ्य परीक्षण की समय-सारणी

दिनांक	समय	विद्यार्थियों की संख्या	कुल
21-07-2025	प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक	26	**68**
	सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक	42	
22-07-2025	प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक	28	**58**
	सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक	30	
23-07-2025	प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक	36	**103**
	सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक	67	
24-07-2025	प्रातः 8:30 बजे से 10:30 बजे तक	57	**115**
	सायं 5:00 बजे से 7:00 बजे तक	58	
25-07-2025	प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक	83	**101**
	सायं 4:00 बजे से 5:00 बजे तक	18	





C. शारीरिक दक्षता परीक्षण (Physical Efficiency Test - PET)

पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण (PET) की संरचना

क्र.सं.	घटक	परीक्षण	समय/दूरी (मानदंड)	अंकन/मूल्यांकन
1	एरोबिक क्षमता (Aerobic Capacity)	कूपर टेस्ट / VO_2 मैक्स टेस्ट	पुरुष: 12 मिनटमहिला: 9 मिनट	स्टॉपवॉच की सहायता से निर्धारित समय में तय की गई कुल दूरी (मीटर में) दर्ज की जाती है तथा उपयुक्त सूत्र VO_2 Max = (कुल तय की गई दूरी (मीटर) – 504.9) / 44.73 के आधार पर VO_2 Max की गणना की जाती है।
2	उदर (पेट) की मांसपेशियों की शक्ति	बेंट नी सिट-अप्स (Bent Knee Sit-ups)	1 मिनट	प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा एक मिनट में किए गए वैध (Legal) सिट-अप्स की अधिकतम संख्या दर्ज की जाती है।
3	कंधे की मांसपेशियों की सहनशक्ति	पुश-अप्स (Push-ups) बालिकाओं हेतु संशोधित पुश-अप्स (Modified Push-ups)	1 मिनट	प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा एक मिनट में किए गए वैध पुश-अप्स की अधिकतम संख्या दर्ज की जाती है।
4	कूल्हे के जोड़ एवं हैमस्ट्रिंग मांसपेशियों का लचीलापन	सिट एंड रीच (Sit and Reach)	सेंटीमीटर	मापन स्केल की सहायता से प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अधिकतम स्ट्रेच (खींचाव) को सेंटीमीटर में दर्ज किया जाता है।

शारीरिक दक्षता परीक्षण (PET) की समय-सारणी

दिनांक	समय	पुरुष	महिला	कुल
23-07-2025	सायं 4:30 बजे से 7:00 बजे तक	49	19	68
24-07-2025		76	9	85
25-07-2025		95	34	129
26-07-2025 *(बाद में निर्धारित)*	प्रातः 8:30 बजे से 11:30 बजे तक	—	—	158

परीक्षण के सुचारु संचालन हेतु खेल अनुभाग के संकाय एवं कर्मचारियों द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। इसमें निम्नलिखित अधिकारी सम्मिलित थे:

- डॉ. पी. नगराले – अध्यक्ष, खेल अनुभाग
- डॉ. रॉबिन साइमन – संकाय, शारीरिक शिक्षा
- डॉ. अवधेश प्रताप सिंह – छात्र गतिविधि एवं खेल अधिकारी
- श्री गणेश दमकोडवार – छात्र गतिविधि एवं खेल सहायक

परीक्षण के संचालन में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी

- **श्री राम वाणी**, राष्ट्रीय स्तर के रेफरी, एवं उनकी **12 सदस्यीय टीम** ने शारीरिक दक्षता परीक्षण (PET) के संचालन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।
- **प्रशिक्षण एवं प्रस्थापन (T&P) अनुभाग** द्वारा प्रतिदिन की आवश्यकता के अनुसार **वीएनआईटी स्वयंसेवकों (Volunteers)** की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।
- **अस्थायी कर्मचारियों** एवं **मैदान कर्मियों** ने परीक्षणों के सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया।
- **चिकित्सा अधिकारी** एवं उनकी टीम ने परीक्षण प्रारंभ होने से पूर्व **पात्र विद्यार्थियों की सूची** उपलब्ध कराई तथा परीक्षण के दौरान **प्राथमिक उपचार** की सुविधा भी सुनिश्चित की।

  सुरक्षा अनुभाग द्वारा भी यातायात के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं।

इस अभ्यास के माध्यम से प्रतिभागियों में अनुशासन, समय-प्रबंधन तथा आत्म-मूल्यांकन की भावना का भी विकास हुआ, जो व्यावसायिक जीवन में सफलता एवं कार्यकुशलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण गुण हैं।

3. समापन समारोह

कार्यक्रम का समापन 26 जुलाई 2025 को वीएनआईटी सभागार में आयोजित समापन समारोह (Valedictory Session) के साथ हुआ।

समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथि

- **प्रो. प्रेमलाल पटेल** – निदेशक, वीएनआईटी (समारोह के अध्यक्ष)
- **डॉ. बी. के. शक्तिराज** – मुख्य अतिथि, अंतरराष्ट्रीय माइंड ट्रेनर, लाइफ कोच एवं विश्व रिकॉर्ड धारक
- **प्रो. रत्नेश कुमार** – अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)
- **प्रो. रश्मि उद्दनवाडीकर** – सह-अधिष्ठाता (प्रशिक्षण एवं प्रस्थापन)

उपरोक्त गणमान्य अतिथियों के अतिरिक्त, समारोह में विभिन्न प्लेसमेंट अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, प्रशिक्षण एवं (T&P) संकाय सलाहकारों तथा संकाय समन्वयकों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और महत्त्व में वृद्धि हुई।

- समापन सत्र के दौरान सप्ताहभर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रमुख उपलब्धियों एवं अनुभवों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, प्रशिक्षकों एवं समन्वयकों का सम्मान किया गया तथा डॉ. बी. के. शक्तिराज द्वारा "Password to Happiness" विषय पर एक अत्यंत प्रेरणादायी एवं प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं जीवन-कौशल के प्रति प्रेरित किया।

रोजगार योग्यता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम–2025 अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक विकास के उद्देश्य से आयोजित एक व्यापक एवं सुव्यवस्थित पहल थी। सॉफ्ट स्किल्स, स्वास्थ्य जागरूकता तथा शारीरिक दक्षता के संतुलित समावेश के माध्यम से इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रक्रियाओं की चुनौतियों का आत्मविश्वासपूर्वक सामना करने हेतु आवश्यक ज्ञान, कौशल एवं तैयारी प्रदान की।

विद्यार्थियों, प्रशिक्षकों, चिकित्सा विशेषज्ञों तथा खेल अनुभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता, साथ ही संस्थान के प्रभावी सहयोग एवं समन्वय के कारण यह पहल अत्यंत सफल रही। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, रोजगारयोग्यता में वृद्धि तथा उनके उज्ज्वल व्यावसायिक भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुआ।

5.2.7 उद्योग मेंटरशिप कार्यक्रम

प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अनुभाग, वीएनआईटी नागपुर उद्योग मेंटरशिप कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अनुभाग, वीएनआईटी नागपुर की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी उद्योग विशेषज्ञों से जोड़कर शैक्षणिक जगत एवं उद्योग के मध्य की दूरी को कम करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से संरचित मेंटर–मेंटी संवाद के जरिए विद्यार्थियों को करियर नियोजन, उद्योग की अपेक्षाओं, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, उद्यमिता, इंटर्नशिप तथा प्लेसमेंट की तैयारी संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

विद्यार्थियों को उनकी करियर अभिरुचियों के आधार पर समूहों में विभाजित कर उद्योग के अनुभवी मेंटर्स से जोड़ा जाता है। इनमें से अनेक मेंटर्स वीएनआईटी के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र हैं। वर्तमान में यह कार्यक्रम कोर इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स, फिनटेक, कंसल्टेंसी, उच्च शिक्षा, उद्यमिता, रक्षा, अनुसंधान एवं विकास तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित अनेक क्षेत्रों को समाहित करता है।

इस कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ 27 जनवरी 2026 को किया गया। उद्घाटन समारोह में 27 मेंटर्स ने संस्थान में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर अपने मेंटीज़ के साथ ऑफ़लाइन संवाद किया, जबकि अन्य कई मेंटर्स यूट्यूब के लाइव प्रसारण के माध्यम से वर्चुअल रूप से जुड़े। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद से इसका प्रभावी संचालन निरंतर जारी है तथा विभिन्न क्षेत्रों में मासिक ऑनलाइन एवं ऑफ़लाइन मेंटर–मेंटी बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। पिछले चार महीनों के दौरान 13 मेंटर्स ने वीएनआईटी परिसर का दौरा कर विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए, जिनमें उन्होंने उद्योग जगत के अनुभव, व्यावसायिक दृष्टिकोण तथा करियर संबंधी बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में 90 से अधिक मेंटर्स तथा लगभग 450 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। नियमित मेंटरिंग सत्रों के अतिरिक्त, मेंटर्स ने औद्योगिक अनुभव, इंटर्नशिप सहयोग, परियोजना मार्गदर्शन तथा करियर परामर्श के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मार्गदर्शकों द्वारा प्रमुख योगदान

मार्गदर्शक का नाम	योगदान
राकेश महाजन	हाई राइज़ ट्रांसफॉर्मर्स में औद्योगिक भ्रमण (इंडस्ट्री विजिट) की व्यवस्था की।
सुब्बा बालाजी राव	इंटर्नशिप के अवसर साझा किए।
लिकेश ब्रम्हाणवाडे	अमेज़न में इंटर्नशिप के अवसर साझा किए।
कर्नल बिजितेश दत्ता	तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सोलर इंडस्ट्रीज़ में इंटर्नशिप उपलब्ध कराई।
नरेश सुंदररामन अय्यर	साप्ताहिक डेटा एनालिटिक्स सत्र आयोजित किए तथा परियोजनाओं में मार्गदर्शन प्रदान किया।
रविशंकर राजगोपालन	नियमित रूप से अध्ययन सामग्री साझा की।
गिरीश दांडीगे	इंटर्नशिप के अवसर साझा किए।

उपरोक्त योगदानों के अतिरिक्त, कई मार्गदर्शक निम्नलिखित प्रकार से भी विद्यार्थियों का सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं

- विद्यार्थियों को इंटर्नशिप की खोज एवं आवेदन प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान करना।
- बायोडाटा (रेज़्यूमे) निर्माण, प्रोफ़ाइल सुदृढ़ीकरण तथा करियर नियोजन में सहायता प्रदान करना।
- उद्योग से संबंधित जानकारियाँ एवं अपने व्यावसायिक अनुभव साझा करना।
- प्लेसमेंट की तैयारी के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना।
- अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मॉक इंटरव्यू सत्र आयोजित करने की सहमति एवं तत्परता व्यक्त करना।
- विद्यार्थियों को उपयुक्त करियर विकल्पों एवं उच्च शिक्षा के अवसरों की पहचान करने में सहयोग प्रदान करना।

मार्गदर्शकों एवं विद्यार्थियों दोनों से प्राप्त सकारात्मक प्रतिक्रिया ने इस कार्यक्रम के विस्तार को प्रोत्साहित किया है, जिससे उद्योग–शैक्षणिक संस्थान सहयोग और अधिक सुदृढ़ हुआ है तथा वीएनआईटी के विद्यार्थियों की करियर तैयारी को नई दिशा मिली है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनुभवी उद्योग विशेषज्ञों एवं पूर्व छात्रों (Alumni) से जोड़ने का एक प्रभावी मंच बनकर निरंतर उनकी व्यावसायिक उन्नति, सूचित करियर चयन तथा रोजगार क्षमता (Employability) में वृद्धि करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वर्तमान गतिविधि

कैंपस रेडीनेस कार्यक्रम

कैंपस रेडीनेस कार्यक्रम प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अनुभाग, वीएनआईटी नागपुर की एक पहल है, जिसकी शुरुआत 30 मई 2026 को विद्यार्थियों को इंटर्नशिप, कैंपस प्लेसमेंट तथा व्यावसायिक करियर के लिए तैयार करने के उद्देश्य से की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की अपेक्षाओं के मध्य की दूरी को कम करना है, जिसके लिए उनके तकनीकी ज्ञान, अभिक्षमता (Aptitude), संचार कौशल तथा व्यावसायिक दक्षताओं का विकास किया जाता है।

कैंपस रेडीनेस कार्यक्रम के प्रमुख घटक निम्नलिखित हैं

- मॉक तकनीकी एवं एचआर (HR) साक्षात्कार।
- समूह चर्चा अभ्यास सत्र।
- अभिक्षमता एवं रोजगार क्षमता मूल्यांकन।
- विशेषज्ञ व्याख्यान एवं उद्योग-विशेष वेबिनार।

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी कौशल संबंधी कमियों की पहचान करने, साक्षात्कार हेतु बेहतर तैयारी करने तथा भर्ती प्रक्रियाओं के प्रति आत्मविश्वास विकसित करने में सहायता प्रदान करता है। साथ ही, यह उद्योग–शैक्षणिक संस्थान के बीच सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाता है।

कैंपस रेडीनेस कार्यक्रम प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अनुभाग की एक महत्वपूर्ण छात्र विकास पहल के रूप में उभरकर सामने आया है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर के लिए पूर्णतः तैयार स्नातक (Career-ready Graduates) बनाना तथा संस्थान के प्लेसमेंट परिणामों में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है।

5.2.8 विदेशी प्लेसमेंट : लागू नहीं (NA)

5.3 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सांख्यिकीय विवरण

शाखा	प्लेसमेंट प्राप्त (विद्यार्थी)	प्राप्त रोजगार प्रस्ताव
सिविल अभियांत्रिकी	62	66
रासायनिक अभियांत्रिकी	60	61
संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	84	87
विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	77	78
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	67	68
यांत्रिक अभियांत्रिकी	80	84
धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी	68	69
खनन अभियांत्रिकी	25	25
बी.टेक. का कुल	**523**	**538**
बी.आर्क. का कुल	**11**	**11**
एम.टेक. एवं एम.एससी. का कुल	**139**	**143**
पीएच.डी. का कुल	**--**	**--**

प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या (बी.टेक.)

शाखा	प्लेसमेंट प्राप्त (विद्यार्थी)	पेशकश
सिविल अभियांत्रिकी	62	66
रासायनिक अभियांत्रिकी	60	61
संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	84	87
विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	77	78
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	67	68
यांत्रिक अभियांत्रिकी	80	84
धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी	68	69
खनन अभियांत्रिकी	25	25
कुल बी.टेक	**523**	**538**

2. बी.आर्च

शाखा	पंजीकृत (विद्यार्थी)	प्लेसमेंट प्राप्त (विद्यार्थी)
आर्कीटेक्चर	11	11

3. एम.टेक. (मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी)

शाखा	पंजीकृत (विद्यार्थी)	प्लेसमेंट प्राप्त (विद्यार्थी)
संगणक विज्ञान अभियांत्रिकी	19	19

शाखा	पंजीकृत (विद्यार्थी)	प्लेसमेंट प्राप्त (विद्यार्थी)
संचार प्रणाली अभियांत्रिकी	6	6
वीएलएसआई डिज़ाइन	7	9
समेकित विद्युत प्रणाली	6	6
पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइव्स	4	4
कैड–कैम	7	7
ईएएमएस	1	1
ऊष्मा शक्ति अभियांत्रिकी	-	-
उत्पादन एवं औद्योगिक अभियांत्रिकी	2	3
सरचनात्मक गतिकी एवं भूकंप अभियांत्रिकी	20	20
संरचनात्मक अभियांत्रिकी	16	16
निर्माण प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन	11	11
पर्यावरण अभियांत्रिकी	2	2
भू-तकनीकी अभियांत्रिकी	6	6
परिवहन अभियांत्रिकी	6	6
जल संसाधन अभियांत्रिकी	5	5
शहरी नियोजन	3	3
रासायनिक अभियांत्रिकी	5	5
एमटीई (धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी)	2	2
पीएमई (प्रक्रिया धातुकर्म अभियांत्रिकी)	1	1
कुल	**128**	**132**

4. एम.एससी. (मास्टर ऑफ साइंस)

शाखा	पंजीकृत (विद्यार्थी)	प्लेसमेंट प्राप्त (विद्यार्थी)
भौतिकशास्त्र	1	1
रसायनशास्त्र	7	7
गणित	3	3
कुल	**11**	**11**

5.3.1 नौकरियों के प्रस्तावों की संख्या (श्रेणी 1 / श्रेणी 2 / श्रेणी 3 / श्रेणी 4 - सरकारी संगठन / सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (PSE) / सार्वजनिक उपक्रम (PSU) / पीपीओ श्रेणी 2, 3, 4) - शाखावार उद्योग

बी.टेक. (श्रेणी 1)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	CE	CHE	CSE	EEE	ECE	MEC	MME	MIN	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
1	बिरला न्यू	4.50				1					**1**
2	लॉन्ग स्पैन स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड	3.60	3								**3**
3	संतोष स्पेयर्स प्रा. लि. -ELEM	3					1			1	**2**
4	किर्लोस्कर फेरस इंडस्ट्रीज लिमिटेड - ELEM	4.50				2		4	5		**11**
5	लोइड्स कंसल्टिंग एंड इंजिनीअरिंग	5						1	1	2	**4**
6	बिरला एन यु लिमिटेड	5						1			**1**
कुल नौकरी प्रस्तावों की संख्या (श्रेणी 1) →			**3**	**-**	**-**	**3**	**1**	**6**	**6**	**3**	**22**

बी.टेक. (श्रेणी 2)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	CE	CHE	CSE	EEE	ECE	MEC	MME	MIN	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
1	एक्युटास 360	6		1					1	1	**3**
2	आदित्य बिड़ला समूह	7.50	1	2		4		6	5	3	**21**
3	एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड	5.40	1	1							**2**
4	एक्सिस बैंक	8.22	1				2		5		**8**
5	बोरोसिल लिमिटेड	7		2		2		1			**5**
6	सेमइंडिया प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (पूर्व नाम: आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया लिमिटेड)	7.50	7			2		1			**10**
7	दार अल-हंदसाह	6.68	3			1	1				**5**
8	डेलॉइट	8.10	1		2	2	4	2			**11**
9	एपिरॉक माइनिंग इंडिया लिमिटेड	7				1		2		2	**5**
10	ईथर	6		1	1	1		1			**4**
11	एक्साइड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड	7				1		2			**3**
12	जीएमएमको लिमिटेड	7.50				1		3			**4**
13	गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप	7.87						2	2		**4**
14	गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड	9	1								**1**

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	CE	CHE	CSE	EEE	ECE	MEC	MME	MIN	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
15	हुंडई मोटर इंडिया इंजीनियरिंग	9						1			**1**
16	आईक्यूवीआईए	8.03	2		1		1		1		**5**
17	जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड	7.50	1								**1**
18	जेएसडब्ल्यू	8	3	1		2		2	10	3	**21**
19	जेएसडब्ल्यू एनर्जी	8				1	3	4			**8**
20	कल्याणी स्टील्स लिमिटेड	6	2	1					1		**4**
21	पिरॅमिड एन्ड सी	8							1		**1**
22	केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड	6	3		1						**4**
23	किरलोस्कर फेरस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड	5.50						2	4		**6**
24	लार्सन एंड टुब्रो	6.80	8						1	1	**10**
25	लॉयड्स कंसल्टिंग एंड इंजीनियरिंग	6		2					1	3	**6**
26	मैक्स लाइफ इंश्योरेंस	6			1		1		1	1	**4**
27	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड	8			3						**3**
28	रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड	7.50	1	4		1					**6**
29	रेमल अलकास्ट प्राइवेट लिमिटेड	6.47		4					7		**11**
30	सेंट-गोबेन इंडिया लिमिटेड	7.42		1		1		1			**3**
31	सोनिकवॉल इंक.	8.40			1		1				**2**
32	एसआरएफ लिमिटेड	7		1							**1**
33	सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड	7.50						1			**1**
34	सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड	6				3	1	4	6		**14**
35	सुब्रोस लिमिटेड	6	2					2	2		**6**
36	विशाखा ग्रुप	7.8		1		1					**2**
37	इन्फोसेप्ट्स	5.50	1		1						**2**
38	केंट पी एल सी	5.50		1							**1**
39	लोइड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड – फेज 2	5.02				2	2			2	**6**
40	सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड	5.40				2	2	3	4		**11**
41	आय आय टीयंस सायंस पॉइंट प्रा लि.	6		3							**3**
42	रेडिअंट हीट एक्सचेंजर	6		4							**4**
43	ग्रीनको ग्रुप	5.50	9			1		2			**12**
44	एक्सेल कंट्रोलिंकेज प्रा लि.	5.50				1					**1**
45	एक्युटास 360	6			1		1				**2**
46	श्री सीमेंट लि.	6	3	5		1		1			**10**
47	लोइड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड	5.02								3	**3**
48	अझ्युअर पॉवर इंडिया प्रा. लि.	6				1					**1**
49	मर्सिडीज- बेन्झ	7		1							**1**

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	CE	CHE	CSE	EEE	ECE	MEC	MME	MIN	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
50	कैप जेमिनी	7.50					1				**1**
51	गेन वेल कोमन सेल्स प्रा लि	8				2		2			**4**
52	LG इलेक्ट्रोनिक्स इंडिया प्रा लि.	7.37						2			**2**
53	गोदरेज एंटरप्राइजेस ग्रुप	7.75						1			**1**
54	टाटा कंसल्टंसी सर्विसेस	9.08							1		**1**
	कुल नौकरी प्रस्तावों की संख्या (श्रेणी 2) →		**50**	**36**	**12**	**34**	**20**	**49**	**52**	**15**	**268**

बी.टेक. (श्रेणी 3)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	सिविल अभियांत्रिकी	रासायनिक अभियांत्रिकी	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	यांत्रिक अभियांत्रिकी	धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी	खनन अभियांत्रिकी	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
1	एक्सेंचर	12.18	3		9	4	7		2		**25**
2	अल्फा लावल	11.50						2			**2**
3	एथर एनर्जी	12				1					**1**
4	बजाज ऑटो लिमिटेड	11.74				1		1			**2**
5	सीएट लिमिटेड	11				1		1			**2**
6	एचसीएल टेक	10			3		2				**5**
7	आईबीएम	12.25					1				**1**
8	आईसीआईसीआई बैंक	12	2	3	1	3		2			**11**
9	जॉन डियर	11.13			3	4	3	3			**13**
10	मारुति सुज़ुकी	12.85			1			3			**4**
11	प्रोसीडीएनए	11.74		1	1		1		1		**4**
12	थर्मैक्स लिमिटेड	10		2				1			**3**
13	ट्रेडेन्स एनालिटिक्स	10			1		3				**4**
14	यूबीएस बिज़नेस सॉल्यूशंस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड	12.50					2				**2**
15	वेदांता	10.45				2			4	6	**12**
16	मोंडेलीज़ इंडिया	12		1							**1**
17	एडव्हर्ब टेक्नोलोजीज	16.05			1	4					**5**
18	आस्पेक्ट रेशिओ प्रा लि	14					2		1		**3**
19	इएटोन	16.50			1						**1**
20	गूगल इंडिया	51.01			3						**3**
21	HSBC टेक्नोलोजी इंडिया	15.03			6		2				**8**
22	ITC लिमिटेड – फूड्स बिजिनेस डिविजन	14		1				1			**2**
23	नटवेस्ट ग्रुप	15			7		3				**10**

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	सिविल अभियांत्रिकी	रासायनिक अभियांत्रिकी	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	यांत्रिक अभियांत्रिकी	धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी	खनन अभियांत्रिकी	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
24	ओरेकल फायनान्शियल सोफ्टवेयर सर्विसेस लिमिटेड	35.13			2		1				**3**
25	ZS असोसिएट्स	14.15	2	6	2	6	2	3	2	1	**24**
26	इंडस इंड बैंक लिमिटेड	14				1					**1**
27	V-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	14				1					**1**
28	हेक्झावेयर टेक्नोलोजीज लिमिटेड	15			1						**1**
	कुल नौकरी प्रस्तावों की संख्या (श्रेणी 3) ⟶		**7**	**15**	**42**	**28**	**29**	**17**	**10**	**7**	**155**

बी.टेक.

(श्रेणी 4) (सरकारी संगठन / सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	सिविल अभियांत्रिकी	रासायनिक अभियांत्रिकी	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	यांत्रिक अभियांत्रिकी	धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी	खनन अभियांत्रिकी	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
1	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल)	12.74					6	4			10
2	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड - सेंट्रल रिसर्च लेबोरेटरी	12.70			2						2
3	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	20.45	3			2		2			7
4	भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल - फेज़ 2 - सीएसई)	11.52			3						3
5	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड	17.71		7				4			11
6	हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड	19.25						1			1
	कुल नौकरियों की संख्या, श्रेणी 4 पीएसयू à		**3**	**7**	**5**	**2**	**6**	**11**	**-**	**-**	**34**

बी.टेक. श्रेणी 2 (पीपीओ – प्री-प्लेसमेंट ऑफर के अंतर्गत नौकरी प्रस्ताव)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	सिविल अभियांत्रिकी	रासायनिक अभियांत्रिकी	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	यांत्रिक अभियांत्रिकी	धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी	खनन अभियांत्रिकी	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
1	द कैसलमैन	6			1						**1**
श्रेणी 2 के अंतर्गत पीपीओ के माध्यम से प्राप्त कुल नौकरी प्रस्तावों की संख्या ⟶			**0**	**0**	**1**	**0**	**0**	**0**	**0**	**0**	**1**

बी.टेक. श्रेणी 3

(पीपीओ – प्री-प्लेसमेंट ऑफर के अंतर्गत नौकरी प्रस्ताव)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (प्रति वर्ष लाख रुपये में)	सिविल अभियांत्रिकी	रासायनिक अभियांत्रिकी	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी	यांत्रिक अभियांत्रिकी	धातुकर्म एवं सामग्री अभियांत्रिकी	खनन अभियांत्रिकी	कुल प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या
1	एक्सेंचर	11.89	2		3	2	4		1		**12**
2	फाइब (अर्लीसैलरी)	12			1						**1**
3	जॉन डियर	11.13			3	4	1	1			**9**
4	यूबीएस	12.50			3	1					**4**
5	एपल	20					2				**2**
6	एरिस्ता नेटवर्क्स प्रा लि	19.40			5						**5**
7	CITI इंडिया	18.20			1	1					**2**
8	D. E. शो इंडिया प्रा लि.	52			2						**2**
9	गोल्डमन सेचेस	30		1	2		1				**4**
10	गूगल इंडिया	37.87			2						**2**
11	हिल्टी टेक्नोलोजी सोल्यूशंस इंडिया प्रा लिमिटेड	18.50	1		1		1				**3**
12	ITC लिमिटेड	14		1		2					**3**
13	जोंसन्स एंड जोंसन्स प्रा लिमिटेड	17.14		1							**1**
14	VISA	16.57			2		2				**4**
15	वेल्स फ़ार्गो इंटरनैशनल प्रा लि	24			2	1	1				**4**
श्रेणी 3 के अंतर्गत पीपीओ के माध्यम से प्राप्त कुल नौकरी प्रस्तावों की संख्या →			**3**	**3**	**27**	**11**	**12**	**1**	**1**	**-**	**58**

सीई	-	सिविल इंजीनियरिंग	ईसीई	-	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग
एमई	-	मैकेनिकल इंजीनियरिंग	सीएसई	-	कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग
ईईई	-	इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	एमएमई	-	मेटलर्जिकल एवं मैटेरियल्स इंजीनियरिंग
सीएचई	-	केमिकल इंजीनियरिंग	एमआईएन	-	माइनिंग इंजीनियरिंग
पीएसयू	-	पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग	सीटीसी	-	कॉस्ट टू कंपनी
पीपीओ	-	प्री प्लेसमेंट ऑफर	एलपीए	-	लाख प्रति वर्ष

एम.टेक (श्रेणी 1)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी एलपीए	MCS	CMN	VLSI	IPS	PED	CAD-CAM	BME	HPE	PIE	SDEE	STR	CTM	ENV	GTE	TRE	WRE	एचपीएल	सीएचएम	ईएक्सवी	कुल नियुक्ति
1	लॉन्ग स्पैन स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड	3.60										2	2									**4**
2	एसएनआर जियोटेक	3.60														1						**1**
3	K & J प्रोजेक्ट्स प्रा लि ELEM	4															1					
4	JW कंसलटंटस् LLP -ELEM	4.20										1	1									
4	स्टर्लिंग इंजिनिअरिंग कन्सल्टन्सी सारवीसेस प्रा ली -ELEM	4.50										2	2									
श्रेणी 1 में प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या			**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**5**	**5**	**-**	**-**	**1**	**1**	**-**	**-**	**-**	**-**	**12**

एम.टेक (श्रेणी 2)

क्र सं	कंपनी का नाम	सीटीसी एलपीए	एमसीएस	सीएमएन	वीएलएसआई	आईपीएस	पीईडी	सीएडी-कैम	बीएमई	एचपीई	पीआईई	एसडीईई	एसटीआर	सीटीएम	ईएनवी	जीटीई	टीआरई	डब्ल्यूआरई	यूपीएल	सीएचएम	ईएक्सवी	कुल नियुक्त
1.	एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड	6.60												1								**1**
2.	ब्लैक एंड वीच	8										1	1									**2**
3.	बोरोसिल लिमिटेड	7									1											**1**
4.	बीबीजी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड	6										2	1						2			**5**
5.	सिविल ग्लोब कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड.	6.25										1	2									**3**
6.	दार अल-हंदसाह	6.68				1						3						2				**6**
7.	डेलॉइट	8.10	4																			**4**
8.	एपिरॉक माइनिंग इंडिया लिमिटेड	7	2																			**2**
9.	आईक्यूवीआईए	8.03	1																			**1**
10.	कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड	8.45		3																		**3**
11.	कल्याणी स्टील्स लिमिटेड	6										1										**1**
12.	केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड					1																**1**
13.	लार्सन एंड टुब्रो	6.80		1				2					1			1				1	1	**7**
14.	लॉयड्स कंसल्टिंग एंड इंजीनियरिंग	6										1	1									**2**

क्र सं	कंपनी का नाम	सीटीसी एलपीए	एमसीएस	सीएमएन	वीएलएसआई	आईपीएस	पीईडी	सीएड़ी-कैम	बीएमई	एचपीई	पीआईई	एसडीईई	एसटीआर	सीटीएम	ईएनवी	जीटीई	टीआरई	डब्ल्यूआरई	यूपीएल	सीएचएम	ईएक्सवी	कुल नियुक्त
15.	लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड	6.75						1														**1**
16.	मैक्स लाइफ इंश्योरेंस	6	1																			**1**
17.	सेंट-गोबेन इंडिया लिमिटेड.	7.42																		1		**1**
18.	शापूरजी पालोनजी इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड	7.50												5								**5**
19.	एसके-स्पेक्ट्रम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	6.60														1						**1**
20.	टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स लिमिटेड	5										1		2	1					1		**5**
21.	वॉल्टर पी. मूर इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	8.45										2	1									**3**
22.	WSP इंडिया	6.75				1							4	3			3	2	1			**14**
23.	लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड - फेज़ 2	5.02																				**11**
24.	रेडिएंट हीट एक्सचेंजर प्राइवेट लिमिटेड	6																		2		**2**
25.	चिपसॉल्व टेक्नोलॉजीज़	7			5																	**5**

क्र सं	कंपनी का नाम	सीटीसी एलपीए	एमसीएस	सीएमएन	वीएलएसआई	आईपीएस	पीईडी	सीएडी-कैम	बीएमई	एचपीई	पीआईई	एसडीईई	एसटीआर	सीटीएम	ईएनवी	जीटीई	टीआरई	डब्ल्यूआरई	यूपीएल	सीएचएम	ईएक्सवी	कुल नियुक्त
26.	फैमिक टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड	7				3		1														**4**
27.	वेदांता लिमिटेड	7.50										1										**1**
28.	एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	7.97						1														**1**
	श्रेणी 1 में प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या→	**8**	**4**	**5**	**6**	**-**	**5**	**-**	**-**	**1**	**13**	**11**	**11**	**1**	**2**	**3**	**4**	**3**	**5**	**1**	**1**	**84**

एम.टेक (श्रेणी 3)

M.Tech (Category 3)																						
क्र सं	कंपनी का नाम	सीटीसी एलपीए	एमसीएस	सीएमएन	बीएलएसआई	आईपीएस	पीईडी	सीएडी-कैम	बीएमई	एचपीई	पीआईई	एसडीईई	एसटीआर	सीटीएम	ईएनवी	जीटीई	टीआरई	डब्ल्यूआरई	यूपीएल	सीएचएम	ईएक्सवी	कुल नियुक्त
1	एक्सेंचर	12.18	1																			1
2	एथर एनर्जी	12									1											1
3	बजाज ऑटो लिमिटेड	11.74					1	2			1											4
4	फेडरल बैंक	13.08							1								2					3
5	मारुति सुजुकी	12.85	1																			1
6	वेदांता	10.45										1				3						4
7	इन्फोसिस - एनालिस्ट - बिजनेस कंसल्टिंग	10	1																			1
8	महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड			1	2																	3
9	एप्लाइड मटेरियल्स, इंक.	14.90					1															1
10	ईटन	16.50	1																			1
11	एनएक्सपी सेमीकंडक्टर्स	26.70			1																	1
12	ओरेकल फाइनेंशियल सॉफ्टवेयर सर्विसेज लिमिटेडServices Ltd.	35.13	1																			1
13	रीपआईटीनाउ.एआई	15	3																			3
14	मैथवर्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	30.09	1																			1
कुल नौकरियों की संख्या, श्रेणी 3 →			**9**	**1**	**3**	**-**	**2**	**2**	**1**	**-**	**2**	**1**	**-**	**-**	**-**	**3**	**2**	**-**	**-**	**-**	**-**	**26**

एम.टेक. (श्रेणी 4) (सरकारी संगठन / पीएसयु)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी एलपीए में	एमसीएस	सीएमएन	वीएलएसआई	एसडीईई	पीईडी	ईएनवी	डब्ल्यूआरई	पीएमई	कुल नियुक्त
1	इंजिनियर्स इंडिया प्रा लि	19.25								**1**	**1**
श्रेणी 4 में प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या				**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**1**

एम.टेक (श्रेणी 2 पीपीओ नौकरियाँ)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (एलपीए में)	MCS	CMN	VLSI	PED	ENV	WRE	कुल नियुक्त
1	ब्लैक एंड वीच	9.89					1	1	2
2	बॉश ग्लोबल सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड	9.80		1	1				2
3	थोम्पटन टोमासेट्टी	8				1			1
श्रेणी 2 में प्रस्तावित पीपीओ नौकरियों की कुल संख्या			**-**	**1**	**1**	**1**	**-**	**1**	**5**

एम.टेक (श्रेणी 3 पीपीओ नौकरियाँ)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (एलपीए में)	MCS	PED	ENV	WRE	कुल नियुक्त
1	जॉन डीयर	11.13	1				1
2	डेल्टा इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	13		2			2
3	टाबोर इलेक्ट्रॉनिक्स	11.75	1				1
श्रेणी 3 में प्रस्तावित पीपीओ नौकरियों की कुल संख्या			**2**	**2**	**-**	**-**	**4**

STR - स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग
CTM - कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट
HPE - हीट पावर इंजीनियरिंग
WRE - वॉटर रिसोर्सेज इंजीनियरिंग
URBAN - अर्बन प्लानिंग
CAD-CAM - कंप्यूटर-एडेड डिजाइन कंप्यूटर-एडेड मैन्युफैक्चरिंग
IPS - इंटीग्रेटेड पावर सिस्टम
CHE - केमिकल इंजीनियरिंग
ENV - एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग

MCS - कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
SDEE - स्ट्रक्चरल डायनेमिक्स एंड अर्थक्वेक
MTE - मटेरियल इंजीनियरिंग
IND - इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग
PED - पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ड्राइव्स
CMN - कम्युनिकेशन सिस्टम इंजीनियरिंग
TRE - ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियर
VLSI - वीएलएसआई डिजाइन
GTE - जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग

एम.एससी. (श्रेणी 2)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	सीटीसी (एलपीए में)	भौतिकशास्त्र	रसायनशास्त्र	गणित	छात्रों की कुल संख्या
1.	आकाश एजुकेशनल सर्विस लिमिटेड	7.25		3		3
2.	एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड	5.40	1	2	2	5
3.	आय आय टी यंस सायंस पॉइंट प्रा लि	6		1		**1**
4.	ललित ट्यूटोरियल्स अकोला	6		1	1	**2**
	श्रेणी 2 में प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या →		**1**	**7**	**3**	**11**

बी.टेक. (प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या - शाखावार)

नौकरी की श्रेणी	सीई	सीएचई	सीएसई	ईईई	ईसीई	एमईसी	एमएमई	एमआईएन	प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या (नौकरीवार)
श्रेणी 1	3	-	-	3	1	6	6	3	**22**
श्रेणी 2	50	36	12	34	20	49	52	15	**268**
श्रेणी 3	7	15	42	28	29	17	10	7	**155**
श्रेणी 4 PSU **नौकरी**	3	7	5	2	6	11	-	-	**34**
श्रेणी 2 PPO **नौकरी**	-	-	1	-	-	-	-	-	**1**
श्रेणी 3 PPO **नौकरी**	3	3	27	11	12	1	1	-	**58**
प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या à	**66**	**61**	**87**	**78**	**68**	**84**	**69**	**25**	**538**

बी.आर्क. (प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या)

करी की श्रेणी	प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या (नौकरीवार)
श्रेणी 1	03
श्रेणी 2	08
प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या	**11**

एम.टेक. (प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या - शाखावार)

क्र. सं.	कंपनी का नाम	एमसीएस	सीएमएन	वीएलएसआई	आईपीएस	पीईडी	कॅड-कैम	बीएमई	एचपीई	पीआईई	एसडीईई	एसटीआर	सीटीएम	ईएनवी	जीटीई	टीआरई	डब्ल्यूआरई	यूपीएल	सीएचएम	ईएक्सवी	पी एम	कुल नियुक्त
1	**श्रेणी** 1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	5	5	-	-	1	1	-	-	-	-	-	12
2	**श्रेणी** 2	8	4	5	6	-	5	-	-	1	13	11	11	1	2	3	4	3	5	1	1	84
4	**श्रेणी** 3	9	1	3	-	2	2	1	-	2	1	-	-	-	3	2	-	-	-	-	-	26
5	**श्रेणी** 4 (PSU Job)	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	1
6	**श्रेणी** 2 PPO Jobs	-	1	1	-	-	-	-	-	-	1	-	-	1	-	-	1	-	-	-	-	5
7	**श्रेणी** 3 PPO Jobs	2	-	-	-	2	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	4
प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या		**19**	**6**	**9**	**6**	**4**	**7**	**1**	**-**	**3**	**20**	**16**	**11**	**2**	**6**	**6**	**5**	**3**	**5**	**1**	**2**	**132**

एम.एससी. (प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या - शाखावार)

नौकरी का प्रकार	भौतिकशास्त्र	रसायनशास्त्र	गणित	प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या (नौकरीवार)
श्रेणी 2	1	7	3	11
प्रस्तावित नौकरियों की कुल संख्या	**1**	**7**	**3**	**11**

खेल एवं क्रीड़ाएँ

6. खेल एवं क्रीड़ाएँ

6.1 खेल एवं क्रीड़ाएँ : सामान्य परिचय

6.1.1 शारीरिक शिक्षा एवं खेल – समाज की आवश्यकता

"इंजीनियरिंग समुदाय में शारीरिक गतिविधियों के उच्च स्तर को प्राप्त करना मानव विकास तथा आर्थिकप्रगति के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अप्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक योगदान देता है।"

शारीरिक शिक्षा एक व्यापक एवं संतुलित पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है। यह किसी अभियंता (इंजीनियर) के शारीरिक, भावनात्मक, मानसिक तथा सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विभिन्न प्रकार की शारीरिक गतिविधियों एवं खेल कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्ति के व्यवहार एवं व्यक्तित्व को समझा और विकसित किया जा सकता है।

शारीरिक शिक्षा विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी कौशल विकसित करने का अवसर भी प्रदान करती है, जैसे—समस्या समाधान, रणनीति निर्माण तथा सामूहिक रूप से कार्य करना। अधिकांश टीम खेलों में खिलाड़ियों को साझा लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मिलकर कार्य करना पड़ता है। विद्यार्थी अच्छे खेलभावना (Sportsmanship) के मूल सिद्धांत भी सीखते हैं तथा यह समझते हैं कि खेल एवं शारीरिक गतिविधियाँ केवल जीत या हार तक सीमित नहीं हैं। खेलों में प्रशिक्षण, मानसिक एवं शारीरिक तैयारी की आवश्यकता होती है, जो आत्मविश्वास के विकास में सहायक होती है। शारीरिक शिक्षा कार्यक्रमों में सामान्य स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी भी सम्मिलित होती है तथा विद्यार्थियों को टीम भावना और पारस्परिक सहयोग का महत्व सिखाया जाता है।

शारीरिक गतिविधियाँ एवं खेल हमारे स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। संतुलित एवं पौष्टिक आहार के साथ-साथ सभी के लिए उपयुक्त शारीरिक गतिविधियाँ स्वस्थ जीवनशैली का प्रमुख आधार हैं। वैज्ञानिक अनुसंधानों से यह सिद्ध हो चुका है कि नियमित शारीरिक गतिविधियाँ सभी आयु वर्ग के लोगों को शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा भावनात्मक स्तर पर अनेक लाभ प्रदान करती हैं। व्यक्तिगत स्तर पर यह रोगों की रोकथाम का प्रभावी माध्यम है, क्योंकि इससे प्रतिरक्षा तंत्र (Immune System) मजबूत होता है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर यह जनस्वास्थ्य में सुधार लाने का एक प्रभावी उपाय है।

अनुसंधानों से यह भी स्पष्ट हुआ है कि यदि शारीरिक शिक्षा को नियमित रूप से पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जाए, तो इससे शारीरिक, मनोवैज्ञानिक एवं बौद्धिक लाभ प्राप्त होते हैं। शारीरिक शिक्षा अपक्षयी (Degenerative) रोगों की रोकथाम में सहायक होती है, समग्र शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाती है, भावनात्मक संतुलन बनाए रखती है, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सहभागिता की भावना को बढ़ावा देती है, शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बनाती है तथा स्वस्थ मनोरंजन की आदतों का विकास करती है। अतः शारीरिक शिक्षा को समग्र शिक्षा प्रणाली का अभिन्न एवं आवश्यक अंग माना जाना चाहिए।

खेल एवं खेलकूद मानव संसाधन विकास के महत्वपूर्ण घटक हैं। ये उत्तम स्वास्थ्य, आपसी सौहार्द, सहयोग तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं, जिसका युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास पर सकारात्मक एवं गहरा प्रभाव पड़ता है। युवा वर्ग राष्ट्र के विकास, प्रगति एवं समृद्धि के लिए ऊर्जा, उत्साह एवं प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत है। इसके अतिरिक्त खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन उपलब्धि की भावना, राष्ट्रीय गौरव तथा देशभक्ति को भी सुदृढ़ करता है। वर्तमान समय में एक सभ्य समाज के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि ये राष्ट्रीय एकता, भावनात्मक समरसता तथा प्रतिभागियों की व्यावसायिक एवं बौद्धिक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

संस्थान शारीरिक सुदृढ़ता एवं फिटनेस की संस्कृति विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संस्थान का शारीरिक शिक्षा एवं खेल अनुभाग विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक फिटनेस कार्यक्रम संचालित करता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य परिसर में स्वास्थ्य, सकारात्मकता एवं शारीरिक सुदृढ़ता की संस्कृति को विकसित करना है, ताकि शिक्षण-अधिगम के साथ-साथ सम्पूर्ण परिसर स्वस्थ, ऊर्जावान एवं सकारात्मक वातावरण से परिपूर्ण रहे।

6.1.2 परिसर में उपलब्ध खेल एवं खेलकूद सुविधाएँ

संस्थान परिसर में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की इनडोर एवं आउटडोर खेल सुविधाएँ उपलब्ध हैं। शारीरिक शिक्षा एवं खेल अनुभाग द्वारा राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विभिन्न खेलों हेतु आवश्यक आधारभूत संरचना एवं सुविधाएँ प्रदान की गई हैं, जिनका विवरण निम्नानुसार है—

1. छह टर्फ पिचों (Turf Wickets) सहित एक क्रिकेट मैदान
2. नेट अभ्यास (Net Practice) हेतु एक सीमेंट पिच एवं एक टर्फ पिच
3. लगभग 500 दर्शकों की बैठने की क्षमता वाला क्रिकेट पवेलियन
4. फ्लडलाइट सुविधा सहित एक फुटबॉल मैदान
5. फ्लडलाइट सुविधा सहित दो वॉलीबॉल कोर्ट
6. फ्लडलाइट सुविधा सहित दो सिंथेटिक लॉन टेनिस कोर्ट
7. फ्लडलाइट सुविधा सहित दो सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट
8. फ्लडलाइट सुविधा सहित एक हैंडबॉल कोर्ट
9. फ्लडलाइट सुविधा सहित एक खो-खो मैदान
10. फ्लडलाइट सुविधा सहित दो कबड्डी मैदान
11. सिंथेटिक लकड़ी (Sprung Wooden Surface) वाले पाँच बैडमिंटन कोर्ट
12. लकड़ी की सतह वाले दो टेबल टेनिस हॉल
13. शतरंज (चेस) के लिए एक समर्पित हॉल
14. लकड़ी की सतह वाला एक योग हॉल
15. 50 मीटर लंबा तैराकी (स्विमिंग) पूल
16. छात्र एवं छात्राओं के लिए पृथक-पृथक, आधुनिक सुविधाओं से युक्त व्यायामशाला (जिम्नेजियम)

शारीरिक दक्षता एवं फिटनेस मूल्यांकन हेतु एक फिटनेस परीक्षण प्रयोगशाला

6.2 आयोजित किए जाने वाले प्रमुख कार्यक्रम

6.2.1 अनिवार्य ऑडिट पाठ्यक्रम

संस्थान द्वारा बी.टेक./बी.आर्क. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए SAA 101 एवं SAA 102 (स्वास्थ्य सूचना एवं खेल) नामक अनिवार्य ऑडिट पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, शारीरिक तंदुरुस्ती (फिटनेस), संतुलित आहार, खेल कौशल, प्रतियोगिताओं के लिए रणनीतिक योजना तथा सामरिक तैयारी संबंधी ज्ञान एवं प्रशिक्षण

प्रदान किया जाता है। शारीरिक शिक्षा विभाग के संकाय सदस्य विभिन्न शारीरिक फिटनेस कार्यक्रमों के माध्यम से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता एवं स्वास्थ्य स्तर में वृद्धि हेतु निरंतर प्रयासरत रहते हैं। खेल मैदानों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त विद्यार्थियों को व्याख्यानों एवं संगोष्ठियों के माध्यम से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों से संबंधित शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्रीय तथा भावनात्मक पहलुओं की भी जानकारी प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना तथा उनमें स्वस्थ जीवनशैली, खेल भावना एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करना है।

6.2.2 चिकित्सीय परीक्षण

संस्थान में बी.टेक./बी.आर्क. प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रथम सेमेस्टर में चिकित्सीय परीक्षण अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं खेल अनुभाग द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न मापदंडों, जैसे बॉडी मास इंडेक्स (BMI), कमर-कूल्हा अनुपात (Waist–Hip Ratio) तथा छाती के विस्तार (Chest Expansion) का मापन किया जाता है। संकलित समस्त आँकड़े विद्यार्थियों के विस्तृत चिकित्सीय परीक्षण हेतु स्वास्थ्य केंद्र (Health Centre) को प्रेषित किए जाते हैं।

यह चिकित्सीय परीक्षण स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारियों एवं उनकी टीम द्वारा, शारीरिक शिक्षा एवं खेल अनुभाग के समन्वय से संपन्न किया जाता है। इस परीक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में शारीरिक विकृतियों (Postural Deformities), मोटापा (Obesity), अल्पवजन (Underweight), तनाव (Stress), उच्च रक्तचाप (Hypertension) तथा अन्य संभावित स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान की जाती है, जिससे समय पर उचित चिकित्सीय परामर्श एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

6.2.3 प्रथम वर्ष बी.टेक./बी.आर्क. अंतरावासीय (इंट्राम्यूरल) खेल प्रतियोगिता

संस्थान में स्वस्थ, अनुशासित एवं खेलोन्मुख वातावरण बनाए रखने तथा विद्यार्थियों की खेल गतिविधियों में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रथम वर्ष के बी.टेक./बी.आर्क. विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष अंतरावासीय (इंट्राम्यूरल) खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ संवाद एवं सहभागिता का अवसर प्राप्त होता है तथा वे खेलों में अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानने और प्रदर्शित करने में सक्षम होते हैं।

वर्तमान वर्ष में प्रथम वर्ष के बी.टेक./बी.आर्क. छात्र एवं छात्राओं के लिए आयोजित वार्षिक इंट्राम्यूरल कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नलिखित खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं -

एथलेटिक्स (Athletics), बैडमिंटन (Badminton), बास्केटबॉल (Basketball), शतरंज (Chess), क्रिकेट (Cricket), कबड्डी (Kabaddi), खो-खो (Kho-Kho), लॉन टेनिस (Lawn Tennis), हैंडबॉल (Handball), थ्रो बॉल (Throw Ball), वॉलीबॉल (Volleyball), योग (Yoga)

इस प्रतियोगिता के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को नियमित शारीरिक गतिविधियों में सहभागी बनाना, उनमें खेल भावना (Sportsmanship), टीम भावना (Team Spirit) तथा अनुशासन का विकास करना और खेल गतिविधियों के माध्यम से उनके सामाजिक समायोजन एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है।

विशेष रूप से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इस प्रतियोगिता का सबसे बड़ा लाभ यह है कि वे अपने सहपाठियों के साथ घनिष्ठ परिचय स्थापित कर पाते हैं। इससे उनके संपूर्ण शैक्षणिक जीवन के दौरान स्वस्थ एवं सुदृढ़ सामाजिक संबंधों की नींव पड़ती है। इसके अतिरिक्त, इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को आयोजन (Organization), प्रशासन (Administration), निर्णयन (Officiating) तथा प्रशिक्षण (Coaching) से संबंधित व्यावहारिक कौशल एवं अनुभव प्राप्त होता है, जो उनके नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

छात्र एवं छात्राओं की संयुक्त समग्र अंतरावासीय (इंट्राम्यूरल) चैम्पियनशिप ट्रॉफी के परिणाम निम्नानुसार हैं

स्थान	विभाग	समग्र चैम्पियनशिप अंक
समग्र विजेता	रासायनिक अभियांत्रिकी एवं खनन अभियांत्रिकी	65
प्रथम उपविजेता	सिविल अभियांत्रिकी	57
द्वितीय उपविजेता	यांत्रिक अभियांत्रिकी	52

6.2.4 शारीरिक दक्षता परीक्षण (Physical Efficiency Test - PET)

शारीरिक दक्षता से अभिप्राय व्यक्ति की उस क्षमता से है, जिसके माध्यम से वह अपने दैनिक कार्यों का उत्साह, स्फूर्ति एवं सजगता के साथ निर्वहन कर सके, बिना अत्यधिक थकान के। साथ ही, उसके पास अवकाशकालीन गतिविधियों में भाग लेने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपेक्षा से अधिक शारीरिक दबाव का सामना करने के लिए पर्याप्त ऊर्जा उपलब्ध हो।

संस्थान में प्रत्येक प्रथम वर्ष के बी.टेक./बी.आर्क. विद्यार्थी की शारीरिक दक्षता का आकलन उपयुक्त शारीरिक फिटनेस परीक्षणों के माध्यम से किया जाता है। इस परीक्षण के अंतर्गत उदर (पेट) की मांसपेशियों की शक्ति, श्वसन सहनशक्ति, कूल्हे के जोड़ एवं हैमस्ट्रिंग मांसपेशियों का लचीलापन तथा गति जैसे प्रमुख घटकों का मूल्यांकन किया जाता है। शारीरिक दक्षता परीक्षण (PET) विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस परीक्षण के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी अपनी शारीरिक दक्षता एवं फिटनेस स्तर का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन कर सकता है, क्योंकि निर्धारित सभी परीक्षणों को एक ही दिन में संपन्न कराया जाता है।

शारीरिक दक्षता परीक्षण (Physical Efficiency Test - PET) का परीक्षण मॉड्यूल

शारीरिक दक्षता परीक्षण (PET) – स्तर-1

क्र. सं.	घटक	परीक्षण	अंकन/मूल्यांकन
1	वायवीय सहनशक्ति	12 मिनट दौड़/पैदल चाल परीक्षण	अंकों की गणना VO_2 Max सूत्र के आधार पर की जाती है।
2	गति	100/60 मीटर समतल दौड़	प्रत्येक विद्यार्थी का समय सेकंड में दर्ज किया जाता है।
3	उदर (पेट) की मांसपेशियों की शक्ति	एक मिनट बेंट-नी सिट-अप्स	एक मिनट में किए गए अधिकतम वैध सिट-अप्स की संख्या दर्ज की जाती है।
